



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**अगस्त –2019**

*अन्दर के पृष्ठों पर........*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध



पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्या : डीजी–1–16–2019 दिनांक 27.07.2019 के अनुपालन में श्री डी0के0 ठाकुर, अपर पुलिस महानिदेशक, आईटेक्स यूपी 100 द्वारा अपने पदीय दायित्वों के अतिरिक्त अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के रिक्त पद का कार्य सम्पादन प्रारम्भ किया गया। श्री ठाकुर ने दिनांक 29.07. 2019 को पुलिस रेडियो मुख्यालय परिसर का भ्रमण कर वृक्षारोपण किया तथा राजपत्रित अधिकारियों से भेंट कर तात्कालिक महत्व के प्रकरणों की जानकारी ली। श्री डी0के0 ठाकुर वर्ष 1994 बैच के सीधी भर्ती के आई0पी0एस0 अधिकारी हैं।



## उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय का भ्रमण



- दिनांक 02.07.2019 : श्री देबाशीष रॉय, आई0पी0एस0 (आर0आर0–1990) (पश्चिम बंगाल संवर्ग) का उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार की कार्यप्रणाली को देखने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री सुनील कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक, श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक, श्री सुनील कुमार शुक्ल, राज्य रेडियो अधिकारी व अन्य ने श्री रॉय का मुख्यालय पर स्वागत किया।

श्री एस0पी0 सिंह ने श्री रॉय को यूनाईटेड प्रॉविन्सिज़ में पुलिस दूरसंचार हेतु कुम्भ मेला–1938 के प्रारम्भिक प्रयोग, पुलिस रेडियो का विकासक्रम, उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु पुलिस रेडियो की स्थापना तथा पुलिस रेडियो मुख्यालय का इतिहास, रेडियो मुख्यालय का भ्रमण करने वाले पूर्व प्रधान मंत्री, भारत सरकार एवं अन्य विशिष्ट महानुभावों के बारे में जानकारी दी। वर्ष 1952 से 1971 तक पुलिस रेडियो के प्रथम भारतीय मुखिया 'पद्म श्री छत्रपति जोशी' के पुलिस रेडियो एवं अन्य योगदानों के सम्बन्ध में बताया। श्री जोशी के कार्यकाल में नीलामी में क्रय कण्डम वायरलेस सेटों से विभाग के उपयोग हेतु सेट बनाने की व्यवस्था से भी अवगत कराया।





श्री सुनील कुमार सिंह एवं श्री एस0पी0 सिंह ने पुलिस रेडियो मेल/क्यू–मेल/एच0एफ0 संकेत कक्षों की पुलिस दूरसंचार के लिये आवश्यकता, उपयोगिता एवं महत्ता को भी स्पष्ट किया तथा इन केन्द्रों का भ्रमण कराया।

श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक ने केन्द्रीय कर्मशाला का भ्रमण कराया व सी0सी0टी0वी0, कम्प्यूटर, एच0एफ0/वी0एच0एफ0 वायरलेस सेट, पॉवर सप्लाई, बैटरियों इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों तथा पुलिस दूरसंचार में प्रयोग किये जा रहे विभिन्न एच0एफ0/वी0एच0एफ0 आवृत्ति के एनालॉग/डिज़ीटल वायरलैस सेट्स के सम्बन्ध में जानकारी दी। श्री सुनील कुमार शुक्ला, राज्य रेडियो अधिकारी ने पुलिस रेडियो संगठन के सम्बन्ध में सारगर्भित प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संगठन के कार्यकलापों एवं उपकरणों, आवृत्ति आवंटन, संचार उपकरणों की लाइसेंसिंग, स्पेक्ट्रम चार्जेज़, इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दी।

श्री रॉय को पुलिस रेडियो मुख्यालय पर उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा प्रणाली दिखायी व पारेषक गृह का भ्रमण भी कराया गया। श्री रॉय को पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र का कम्प्यूटर कक्ष तथा ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली भी दिखायी गयी। श्री रॉय को प्रशिक्षण कार्यों हेतु उपलब्ध वातानुकूलित कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग/सी0सी0टी0वी0 प्रयोगशाला, एच0एफ0/वी0एच0एफ0 प्रयोगशाला, मॉडल व्याख्यान कक्ष, मॉडल कन्ट्रोल रुम, व्याख्यान कक्ष, मोर्स प्रशिक्षण कक्ष, इत्यादि का भ्रमण भी कराया गया।

मॉडल कन्ट्रोल रुम में एच0एफ0 / वी0एच0एफ0 / सी0सी0टी0वी0 / क्यू–मेल / पोलनेट, विभिन्न उपकर्मिकाओं के सजीव प्रदर्शन / प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं चार्ट इत्यादि द्वारा ज्ञानवर्द्धक एवं उपयोगी जानकारियाँ प्रदर्शित की गयीं हैं। श्री रॉय मोर्स संचार प्रशिक्षण व्यवस्था से विशेष प्रभावित हुए तथा मोर्स संचार सन्देश प्रेषण को स्वयं सुना। श्री रॉय को पुलिस दूरसंचार उपकरणों के संग्रहालय का भ्रमण भी कराया। संग्रहालय में चित्रों एवं पुराने संचार उपकरण एवं उनकी उपकर्मिकाओं का दुर्लभ संकलन उपलब्ध है। श्री रॉय के साथ आये श्री अशोक कुमार नसकर, पुलिस उपाधीक्षक (तकनीकी) एवं श्री साम्य रॉय चौधरी, निरीक्षक (दूरसंचार) भी साथ रहे।










श्री रॉय ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। श्री रॉय ने विशेषकर पुलिस रेडियो मेल, एच0एफ0 प्रणाली व प्रशिक्षण गतिविधियों को बहुत अच्छा बताया। रेडियो मुख्यालय के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भ्रमण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्द्धक बताया। श्री रॉय ने अपने विस्तृत अनुभव के आधार पर उत्तर प्रदेश पुलिस संचार सम्बन्धी प्रयासों की सराहना की। दिनांक 03.07.2019 को श्री रॉय को यूपी 100 का भ्रमण भी कराया गया। दिनांक 01.07.2019 को श्री रॉय एवं दल के सदस्यों ने प्रयागराज में डिज़ीटल मोबाइल रेडियो एवं डिज़ीटल रिपीटर की कार्यप्रणाली देखी थी।



- दिनांक 16.07.2019 : श्री नवनीत कुमार नायक, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) का उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार मुख्यालय का भ्रमण सम्पन्न हुआ। श्री आनन्द शेवड़े, सहायक रेडियो अधिकारी ने श्री नायक का स्वागत किया। श्री संजय कुमार कनौजिया, सहायक रेडियो अधिकारी ने रेडियो मेल / क्यू–मेल / एच0 एफ0 की पुलिस दूरसंचार के लिये उपयोगिता एवं महत्ता को स्पष्ट किया व केन्द्रों का भ्रमण कराया। श्री कनौजिया ने केन्द्रीय कर्मशाला के भ्रमण में सी0सी0टी0वी0, कम्प्यूटर, एच0एफ0 / वी0एच0एफ0 वायरलेस सेट, पॉवर सप्लाई, बैटरियों इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों की जानकारी दी। श्री रुपक कुमार सिन्हा, रेडियो निरीक्षक ने पुलिस दूरसंचार के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण किया। श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक ने वायरलेस संचार की तकनीकी, पुलिस दूरसंचार की महत्ता, पुलिस संचार उपकरण, एनालॉग / डिज़ीटल तकनीक, इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दी। श्री नायक ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया व भ्रमण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्द्धक बताया।

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 06.07.2019 | वाराणसी |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 21.07.2019 | सोनभद्र |
| 14.07.2019 | मुज़फ्फरनगर |
| 07.07.2019 | कुशीनगर |
| 06.07.2019 | वाराणसी |

- दिनांक 10.07.2019 से दिनांक 17.07.2019 तक जनपद मथुरा के थाना गोवर्धन अन्तर्गत राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था कायम रखी गयी।

- दिनांक 22.07.2019 : डी0सी0आर0, मुरादाबाद में समय 0505 बजे जनपद बिजनौर से जीपीएस प्रणाली युक्त एक आयशर केन्टर नं0 यूपी टी–8785 की चोरी की सूचना प्राप्त हुई जिसकी लोकेशन मुरादाबाद से काशीपुर आ रही थी। उक्त सूचना पर ड्यूटीरत आरएसआई, ताहर सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थानों (भोजपुर, डिलारी, ठाकुरद्वारा व ऊधम सिंह नगर) व सर्वसम्बन्धित को सूचित कर चेकिंग करायी। भोजपुर मोबाइल व पीआरवी 202 ने उक्त वाहन को बरामद कराया। उक्तानुसार आरएसआई, ताहर सिंह द्वारा अत्यंत सूझबूझ और तत्परता से कार्यवाही करने के कारण वाहन की बरामदगी सम्भव हुई।

## काँवड़ मेला संचार व्यवस्था

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, बागपत, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, हापुड़, सहारनपुर, मुज़फ्फरनगर, शामली, बदायूँ, शाहजहाँपुर, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा तथा मुरादाबाद क्षेत्र में श्रावण मास में आयोजित काँवड़ यात्रा वर्ष 2019 हेतु निम्न व्यवस्थाएँ की गयीं–
- अतिरिक्त उपकरणों का व्यवस्थापन–

| | |
|---|---|
| वायरलेस सेट | 117 स्टैटिक एवं 361 हैण्ड हेल्ड |
| सी0सी0टी0वी0 | 8 गाज़ियाबाद, 28 बागपत |

- अतिरिक्त स्टॉफ का व्यवस्थापन–

| जनपद | RSI | HO(M) | HO | AO | WH | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मुज़फ्फरनगर | 3 | 2 | 34 | | – | 39 |
| शामली | – | 2 | 4 | | – | 6 |
| सहारनपुर | – | 5 | 10 | | – | 15 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बदायूँ | – | 1 | 2 | 1 | 4 |
| शाहजहाँपुर | – | 1 | 2 | – | 3 |
| रामपुर | – | – | 2 | – | 2 |
| बिजनौर | 1 | – | 4 | – | 5 |
| अमरोहा | – | 1 | 2 | – | 3 |

## पदोन्नति

• संयुक्त सचिव, गृह (पुलिस), अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के आदेश संख्याः 1068/6–पीयू–1–19–1300(32)/88टीसी–।। दिनांक 01.07.2019 के अनुपालन में, रेडियो निरीक्षक, श्री राम कृष्ण द्विवेदी द्वारा दिनांक 01.07.2019 को जनपद सुल्तानपुर में सहायक रेडियो अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण किया गया।

## कल्याणकारी कार्य

• दिनांक 04.07.2019 : पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ कैम्प में 107 कार्मिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिनमें 87 पुरुष एवं 20 महिला सम्मिलित हैं। शिविर में श्रीमती (डॉ0) नमिता वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव, फ़िज़ीशियन एवं डॉ0 नौशीना शाहीन, नेत्र विशेषज्ञ ने सेवायें दीं।




• पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जुलाई–2019 में 460 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश/उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

1. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के डीजी परिपत्र संख्याः 24/2019 दिनांक 19.07.2019 द्वारा भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम–2018 द्वारा किये गये संशोधनों के अनुरुप कार्यवाही किये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

2. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः दो–41(वर्दी परिवर्तन)–2016 दिनांक 08.07.2019 द्वारा उ0प्र0 पुलिस में केवल मंच पर जाते समय सम्बन्धित अधिकारी द्वारा क्रास बेल्ट धारण किये जाने ताकि क्रास बेल्ट के साथ तलवार धारण की जा सके एवं अन्य किसी भी दशा में क्रास बेल्ट धारण न किये जाने सम्बन्धी निर्देश दिये गये हैं।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्रांकः डीजी–तीन–12–(05)–2018 दिनांक 04.07.2019 द्वारा आगामी वृहद वृक्षारोपण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पुलिस विभाग के लिये वृक्षारोपण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए दिनांक 01.07.2019 से वृक्षारोपण की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने, पी0एम0एस0 पर पंजीकरण कराकर सूचना अपलोड किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। वृक्षारोपण का लक्ष्य निम्नानुसार निर्धारित किया गया है–

| क्र0 | शाखा/इकाई का नाम | लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1. | प्रदेश के 08 जोन में, प्रत्येक को 50,000 | 4,00,000 |
| 2. | पीएसी मुख्यालय (ज़ोन, अनुभाग एवं समस्त वाहिनी) | 1,00,000 |
| 3. | प्रशिक्षण निदेशालय (पुलिस अकादमी/एटीसी/पीटीसी) | 30,000 |
| 4. | जी0आर0पी0 (सभी अनुभाग सहित) | 1,000 |
| 5. | तकनीकी सेवायें | 100 |
| 6. | अभिसूचना विभाग | 100 |
| 7. | सी0बी0सी0आई0डी0 | 100 |
| 8. | ए0टी0एस0 | 200 |
| 9. | पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग), गोमती नगर विस्तार, लखनऊ | 5,000 |
| 10. | रेडियो मुख्यालय | 300 |
| | कुल योग | 5,36,800 |
| कारागार विभाग | | 13,000 |
| | महायोग | 5,49,800 |

4. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–तीन–निर्देश/2019 दिनांक 04.07.2019 द्वारा अवगत कराया गया है कि सामान्य परिस्थितियों में पुलिस अधिकारियों के पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से मिलने और आवश्यक विचार–विमर्श करने हेतु कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) में शाम 1800 बजे से 1900 बजे तक का समय निश्चित किया गया है। किसी विशेष परिस्थिति में और कार्य की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए जनरल स्टाफ आफिसर, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 अथवा स्टॉफ आफिसर को टेलीफोन पर अवगत कराकर समय लेकर पुलिस महानिदेशक से किसी भी समय मिला जा सकता है। अराजपत्रित पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक से शाम को 1600 बजे से 1700 बजे तक नियमानुसार स्टाफ आफिसर को नोट कराकर मिल सकते हैं।

5. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्रांकः डीजी–13–टेलीफोन डायरेक्ट्री–2019 दिनांक 04.07.2019 द्वारा अवगत कराया गया है कि नियंत्रण कक्ष, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग), गोमती नगर विस्तार, लखनऊ में स्थापित हो गया है जिसमें सभी के प्रयोगार्थ निम्न बेसिक टेलीफोन नम्बर एवं सीयूजी नम्बर क्रियाशील हैं–

1. 0522–2724010, 2. 0522–2390257,
3. 0522–2390358, 4. 0522–9454402508,
5. 9454402509, 6. 9454402510,
7. 0522–2724009 (फैक्स)।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

• अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः एफ–408/2019 (बाढ़) दिनांक 06.07.2019 के अनुसार शाहजहाँपुर, फतेहगढ़, बदायूँ, पीलीभीत, बरेली इत्यादि जनपदों में बाढ़ से सम्बन्धित मॉक एक्सरसाइज दिनांक 18.07.2019 को सकुशल सम्पन्न करायी गयी।

## वित्तीय प्रबन्धन हेतु मार्गदर्शन

• दिनांक 13.07.2019/20.07.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में 95वें ग्रेड–द्वितीय दल के प्रशिक्षणार्थियों के सुरक्षित वित्तीय प्रबन्धन मार्गदर्शन हेतु अतिथि व्याख्यान सम्पन्न हुए। व्याख्यानों में श्री विवेक चौहान, इनवेस्टमेण्ट एडवाइज़र, लखनऊ ने कार्मिकों को जमा, निश्चित बचत, शेयर्स, म्युचअल फण्ड, मार्केट ट्रेण्ड, सुरक्षित निवेश एवं लाभ के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट की तथा बाजार में उपलब्ध विकल्पों इत्यादि प्राविधानों के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में उपलब्धियाँ

• 9वीं वाहिनी, पी.ए.सी., मुरादाबाद में दिनांक 06.07.2019 से 09.07.2019 तक सम्पन्न उत्तर प्रदेश पुलिस की 45वीं वार्षिक जूडो, वूशू एवं ताइक्वाण्डो (महिला/पुरुष), जिमनास्टिक्स (पुरुष) प्रतियोगिता 2019 में पुलिस रेडियो ज़ोन के 6 सदस्यीय दल ने प्रतिभाग किया तथा 3 स्वर्ण एवं 1 काँस्य पदक अर्जित किये। प्रतियोगिता में रेडियो ज़ोन ने समग्र रुप से तृतीय स्थान अर्जित कर चैम्पियनशिप जीती।

| क्र. | नाम प्रतिभागी | नियुक्ति | अर्जित पदक |
|---|---|---|---|
| 1. | आरक्षी सुनील कुमार | एसटीएफ | स्वर्ण |
| 2. | आरक्षी विपिन कुमार | एटीएस | स्वर्ण |
| 3. | सहायक परिचालक शहर मेहबूब | रेडियो मुख्यालय | स्वर्ण |
| 4. | संदेशवाहक सुधीर मिश्रा | रेडियो मुख्यालय | काँस्य |



## प्रशिक्षण गतिविधियाँ

• दिनांक 16.07.2019 : 95वें ग्रेड–द्वितीय दल के प्रशिक्षणार्थियों की मेस मीटिंग सम्पन्न की गयी।

• राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के रेडियोग्राम संख्याः टीसी–आरएससी/2019 दिनांक 08.07.2019 द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर, सेक्टर–जी, जानकीपुरम, लखनऊ में दिनांक 15.07.2019 से 19.07.2019 तक Role of GIS & GPS in creation of Police Information System विषय पर आयोजित 5 दिवसीय प्रशिक्षण में रेडियो मुख्यालय एवं जनपदों से नामित 15 कार्मिकों ने भाग लिया।

## वृक्षारोपण

• मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–नि0कक्ष/विविध/2019 दिनांक 13.07.2019 तथा पत्र संख्याः डीजी–तीन–12(5)2018 दिनांक 04.07.2019 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, उ0प्र0 पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर दिनांक 31.7.2019 तक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 120 पौधों का रोपण पूर्ण किया।

## सेवानिवृत्ति

• उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जुलाई–2019 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए निम्न 34 कार्मिकों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई दी गयी–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री रमेश सिंह, फतेहपुर, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जालिम सिंह, फिरोज़ाबाद, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री निरंकार लाल, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नेतराम शर्मा, कासगंज, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुकदेव प्रसाद त्रिपाठी, रेडियो मुख्यालय, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वेद प्रकाश पाठक, गौतमबुद्धनगर, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दुर्गा प्रसाद, झाँसी, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम प्रसाद, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विष्णु कुमार गुप्ता, रेडियो मुख्यालय, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुभाष चन्द्र, हापुड़, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जग प्रसाद विश्वकर्मा, रेडियो मुख्यालय, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जय प्रकाश पाण्डेय, जौनपुर, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री यज्ञ कुमार तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री देवब्रत चटर्जी, अमेठी, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लोकनाथ सिंह, फैजाबाद, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नरेश कुमार, गाज़ियाबाद, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सतीश चन्द्र सिंह, रेडियो मुख्यालय, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अमरनाथ पाण्डेय, लखनऊ, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जगदीश गुप्ता, अम्बेडकरनगर, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 उस्मान, लखनऊ, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री श्याम मोहन शुक्ला, सहारनपुर, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सतीश चन्द्र त्रिपाठी, गोण्डा, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अमरनाथ पाल, लखनऊ, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लक्ष्मी नारायन जायसवाल, लखनऊ, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री फैजुल अफज़ाल, बरेली, 26. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जैकरण, महोबा, 27. प्र0परि0/323, श्री शिवचन्द्र राम, अम्बेडकरनगर, 28. स0परि0/1921, श्री सुखपाल, बुलन्दशहर, 29. स0परि0/4841, श्री सुशील कुमार सैनी, बुलन्दशहर, 30. स0परि0/1457, श्री श्रीकृष्ण, आगरा, 31. मेस फालोवर, श्री राजकुमार, रेडियो मुख्यालय, 32. ओ0पी0, श्रीमती शकुन्तला अस्थाना, रेडियो मुख्यालय, 33. संदेशवाहक, श्री प्रेम सिंह, अलीगढ़, 34. संदेशवाहक, श्री राजकुमार, रेडियो मुख्यालय।



## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

• दिनांक 12.07.2019 : श्री असीम अरुण, अपर पुलिस महानिदेशक, एटीएस ने गाज़ियाबाद, एटीएस इकाई के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।



• वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रशिक्षण : दिनांक 12.07.2019 : श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने 95वें ग्रेड–द्वितीय दल के प्रशिक्षणार्थियों को उत्तर प्रदेश रेडियो मुख्यालय में स्थापित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हेतु आवश्यक उपकरण एवं उनके प्रयोग की विधि, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरणों की क्षमता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लाभ, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान ध्यान देने वाली आवश्यक बातें, आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान कानपुर नगर से श्री राजेन्द्र कुमार, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, कानपुर ज़ोन से ऑन लाइन वार्ता करके प्रायोगिक विधि भी समझायी गयी।



सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।
मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW
प्रतियाँ – 300